RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्ष: 1 | अंक 191 | नागौर, 13 जून, 2022 (सोमवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

## पैगंबर विवाद: पश्चिम बंगाल में फिर हिंसा

## 1 हजार की भीड़ ने ट्रेन पर किया हमला

नई दिल्ली

भाजपा की निष्कासित नेत्री नूपुर शर्मा के बयान के बाद देश में हिंसक प्रदर्शनों का सिलसिला भी नहीं थम रहा है। पश्चिम बंगाल के हावड़ा में हिंसा के बाद रविवार को नडिया जिले में भी प्रदर्शन हिंसक हो गया। यहां नडिया जिले के बेतुआधारी रेलवे स्टेशन पर लगभग एक हजार लोगों की भीड़ ने ट्रेन पर हमला कर दिया। लोगों ने ट्रेन पर जमकर पत्थरबाजी की और तोड़फोड़ की। जिसके बाद स्टेशन से ट्रेन की सेवाओं रोक दी गई हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक उपद्रवियों ने कुछ दुकानों को भी नुकसान पहुंचाया है। एक अधिकारी ने बताया कि बड़ी संख्या में प्रदर्शकारी सड़क को जाम कर रहे थे। जब पुलिस ने उन्हें दौड़ाया तो उनमें से कुछ रेलवे स्टेशन में घुस गए और ट्रेन पर पत्थर फेंकने लगे। प्लेटफॉर्म पर जो ट्रेन खड़ी थी उसमें तोड़फोड़ की गई।

इसके चलते लालगोला लाइन पर सेवा रुक गई है। बता दें कि पश्चिम बंगाल के नॉर्थ 24 परगना और मुर्शिदाबाद जिले में भी हिंसा हुई है। एक दिन पहले हावड़ा में हिंसा हुई थी। इसके बाद मेदिनीपूरी में सियासी ड्रामा शुरू हो गया। विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के लिए प्रशासन की तरफ से पत्र जारी किया गया. और कहा गया कि वह हावड़ा न जाएं। वहीं अधिकारी इस बात पर अड़े थे कि हावड़ा जाना उनका अधिकार है क्योंकि वहां भाजपा के कार्यालय पर हमला किया गया है। उन्होंने पुलिस को चुनौती दी कि अगर उन्हें रोका गया तो वह कोर्ट चले जाएंगे।

इसी तरह का विवाद बंगाल भाजपा चीफ सुकांत मजूमदार को लेकर भी हुआ। उन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। टीएमसी का कहना है कि भाजपा नेता ऐसे संवेदनशील इलाकों में जाकर दंगा भड़काना चाहते हैं। वहीं पुलिस ने कहा कि शुभेंदु अधिकारी को उनकी सुरक्षा की लिहाज से रोका गया। हावड़ा में धारा 144 लगाई गई है।

# भारत ने 'ग्राम स्वराज', 'पंचायतों के लोकतांत्रिक सशक्तीकरण' में हासिल किए नए मुकाम : पीएम मोदी

नयी दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पिछले आठ वर्ष में भारत ने ''ग्राम स्वराज'' और ''पंचायतों के सशक्तीकरण'' में नए मुकाम हासिल किए हैं। उन्होंने देश भर में गांवों के सरपंचों से सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने, जल संरक्षण करने और आने वाले योग दिवस को विशेष बनाने का आह्वान भी किया। सरकार के आठ साल का कार्यकाल पूरा होने के कुछ दिनों बाद देश भर में सरपंचों को लिखे एक पत्र में प्रधानमंत्री ने कई मुद्दों का उल्लेख किया और उनसे उन पर सहयोग मांगा।

साथ ही उन्होंने पिछले आठ सालों में उनके योगदान की सराहना भी की। उन्होंने सरपंचों से कहा कि वे 21 जून को मनाए जाने वाले आठवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को विशेष बनाएं और



अपने-अपने गांवों में सभी को इससे जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने आग्रह किया कि वे योग के लिए अपने गांव के किसी प्राचीन या पर्यटन स्थल या क्षेत्र में कहीं भी तालाब या जल निकाय का चयन करें और सभी को इसमें शामिल करें। साथ ही उन्होंने इसकी तस्वीरें भी साझा करने का आग्रह किया ताकि अन्य लोगों को उससे प्रेरणा मिले। प्रधानमंत्री ने पत्र में लिखा कि योग दिवस लोग बहुत ही उत्साह के साथ मनाते हैं और आसमान से लेकर हिमालय और समुद्र तक में देश के विभिन्न क्षेत्रों में योग करते लोगों की तस्वीरें पिछले कुछ सालों में हर भारतीय को गौरव का एहसास कराती रही हैं।

उन्होंने बताया कि इस बार के योग दिवस का मुख्य विषय ''मानवता के लिए योग'' है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान लोगों को अपने जीवन में स्वास्थ्य के महत्व का एहसास हुआ और पता चला कि इसमें योग कितनी बड़ी भूमिका निभाता है। जल की हर एक बूंद बचाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए मोदी ने गांवों के प्रमुखों से कहा कि वे इस दिशा में अपने प्रयासों को जारी रखें और वर्षा के जल का संचय करने के लिए हरसंभव कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए सरकार ने आजादी की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर हर जिले में 75 अमृत सरोवर बनाने का संकल्प लिया है। केंद्र सरकार की सभी महत्वाकांक्षी परियोजनाओं का शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने पर अक्सर जोर देते रहे मोदी ने सरपंचों से कहा कि इसमें उनकी बहुत बड़ी भूमिका है। उन्होंने सरपंचों से अपने प्रयासों को और गति देने को कहा ताकि कोई भी सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित ना रह जाए। उन्होंने कहा, ''जब गांव के हर व्यक्ति तक योजनाओं का पूरा लाभ पहुंचेगा तो गांव के साथ ही पूरा देश भी समृद्ध होगा।''

प्रधानमंत्री ने उनसे ''स्वच्छ भारत अभियान'' के तहत अपने प्रयासों को भी जारी रखने को कहा। ''ग्राम स्वराज'' और ''गरीब कल्याण'' के बारे में मोदी ने कहा, ''ग्राम स्वराज और पंचायतों के लोकतांत्रिक सशक्तीकरण में नए मुकाम हासिल किए गए हैं।''

# 9 जिलों में आंधी के साथ तेज बारिश

## 4 इंच तक पानी बरसा, टेंट उड़ा; बिजली सब स्टेशन पर पेड़ गिरा

जयपुर.

राजस्थान में 45 डिग्री सेल्सियस की तेज गर्मी और हीटवेव से परेशान लोगों के लिए अच्छी खबर है। शनिवार देर रात से राज्य में प्री-मानसून की बारिश की शुरुआत हो गई है। उदयपुर, कोटा, जोधपुर और अजमेर संभाग के 9 जिलों में बीती रात से रविवार सुबह तेज बरसात हुई। इससे कई इलाके तरबतर हो गए। बांसवाड़ा के गढ़ी में सबसे ज्यादा 115एमएम (4 इंच से ज्यादा) बरसात हुई। उदयपुर के सलूम्बर में भी 100एमएम से ज्यादा बारिश हुई। मौसम विभाग की माने तो अगले 2-3 दिन उदयपुर, कोटा और अजमेर संभाग के 14 जिलों में प्री-मानसून में अच्छी बारिश होने की संभावना है।

जयपुर मौसम केन्द्र के मुताबिक शनिवार रात बांसवाड़ा, डूंगरपुर, उदयपुर, पाली, राजसमंद, बारां, चित्तौड़गढ़, कोटा, बूंदी के 15 से ज्यादा इलाकों में बारिश हुई। उदयपुर के गढ़ी, सलूम्बर, खेरवाड़ा, गोगुंदा, सरेरा, राजसमंद के देवगढ़, कुंभलगढ़, बांसवाड़ा के दानपुर, जगपुरा, बारां के अटरू में बारिश हुई।

चित्तौड़गढ़ के बेंगू, कोटा के दीगोद, बूंदी के पाटन और पाली के तखतगढ़ समेत कई जगह 1एमएम से लेकर 115एमएम तक बरसात हुई। बरसात से डूंगरपुर, बांसवाड़ा, उदयपुर के कई ग्रामीण इलाकों में खेत पानी से भर गए। वहीं, लम्बे समय से सूखे पड़े बरसाती नालों में पानी बहने लगा। पीने के पानी की किल्लत से परेशान पाली जिले के मारवाड़ जंक्शन में भी 19एमएम बारिश हुई, जिससे लोगों को राहत मिली।

### आंधी से कई जगह नुकसान

देर रात हुई बारिश से पहले आंधी चली, जिससे कई जगह नुकसान भी हुआ। करीब 40प्रति स्पीड से तेज हवा चलने के कारण बांसवाड़ा के कुशलबाग मैदान में चल रहे मैंगो फेस्टिवल के टेंट उड़ गए। कुशल बाग जीएसएस पर पेड़ गिरने से इलाके की बिजली गुल हो



गई। वहीं भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर में भी तेज हवा चली।

### अब आगे क्या?

जयपुर मौसम केन्द्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि 15 जून तक राजस्थान के दक्षिणी-पूर्वी हिस्से में मौसम ऐसा ही बना रहने की संभावना है। उन्होंने बताया कि रविवार को बारां, कोटा, सवाई माधोपुर, प्रतापगढ़, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, बांसवाड़ा, डूंगरपुर के अलावा पाली, जालोर, नागौर, जोधपुर, टोंक, भीलवाड़ा, राजसमंद समेत कई जगहों पर बादल छाने के साथ तेज हवा चलने और बारिश होने की संभावना है।

### अगले 3 दिनों का फोरकास्ट

- 13 जून को बारां, कोटा, सवाई माधोपुर, प्रतापगढ़, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, बांसवाड़ा, डूंगरपुर के अलावा जयपुर, अलवर, भरतपुर, धौलपुर और दौसा जिलों में भी मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। वहीं जालोर, पाली, नागौर जिलों में भी बारिश हो सकती है।
- 14 जून को कोटा, बूंदी, झालावाड़, बारां, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, उदयपुर, प्रतापगढ़, और चित्तौड़गढ़ में बारिश-आंधी हो सकती है।
- 15 जून को बारां, कोटा, सवाई माधोपुर, बांसवाड़ा और प्रतापगढ़ जिले में बारिश होने की संभावना है।

# आरबीएसई 10वीं का रिजल्ट आज

## 10 लाख से ज्यादा स्टूडेंट का इंतजार होगा खत्म, शिक्षा मंत्री करेंगे जारी

अजमेर.

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की सेकेंडरी, प्रवेशिका और सेकेंडरी (व्यवसायिक) परीक्षा का परीक्षा परिणाम सोमवार 3 बजे घोषित किया जाएगा। शिक्षा मंत्री डा.बी .डी .कल्ला जयपुर स्थित शिक्षा संकुल के कॉन्फ्रेंस हाल में यह परिणाम घोषित करेंगे। राजस्थान बोर्ड की ओर से 12वीं आर्टस, साइंस व कॉमर्स संकाय का रिजल्ट पहले ही घोषित किया जा चुका है। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की सचिव मेघना चौधरी ने बताया कि सेकेंडरी परीक्षा के लिए इस वर्ष 10,36,626 परीक्षार्थी पंजीकृत किए गए हैं। इसी तरह प्रवेशिका परीक्षा के लिए 7,229 और माध्यमिक (व्यवसायिक) के लिए 56,215 परीक्षार्थी पंजीकृत किए गए हैं । बोर्ड के ये परीक्षा परिणाम बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध होगें। गौरतलब है कि कोरोना के चलते 2021 में परीक्षा नहीं हो पाई। सरकार ने स्टूडेंट्स को प्रमोट करने का निर्णय लिया। मार्क्स के लिए राज्य सरकार ने कमेटी का गठन किया। कमेटी के बताए फार्मूला के आधार पर स्कूलों ने अपना रिजल्ट तैयार कर बोर्ड को भेजा। इसके बाद बोर्ड ने अपना परीक्षा परिणाम घोषित किया। यह परिणाम 99.56 प्रतिशत रहा और ऐसे में माना जा रहा है कि इस साल बोर्ड का रिजल्ट पिछले साल के मुकाबले कम ही रहेगा।




### यह रहा 12वीं का रिजल्ट

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से 12वीं आर्टस, साइंस व कॉमर्स संकाय का परिणाम जारी किया जा चुका है। साइंस में 96.53, कॉमर्स में 97.53 आर्टस में 96.33 प्रतिशत स्टूडेंट्स पास हुए।

### 99.56% रहा पिछले साल रिजल्ट

साल 2021 में 10वीं का रिजल्ट 99.56% रहा है। लड़कों का पास प्रतिशत 99.51 और लड़कियों का 99.52 रहा। 12,04,606, छात्र फर्स्ट डिवीजन से पास हुए। 44,875 स्टूडेंट्स ने सेकंड जबकि 352 छात्रों ने थर्ड डिवीजन हासिल किया। एक छात्र के सप्लीमेंट्री आई। 10वीं बोर्ड में 12 लाख 55 हजार 385 छात्र-छात्राएं थे। इनमें से 12 लाख 49 हजार 833 पास हुए।

## सचिन पायलट का ऐलान- 13 जून को सत्याग्रह करेगी कांग्रेस, ईडी-सीबीआई वही करेगी जिससे केंद्र को हो फायदा

नई दिल्ली



नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी और राहुल गांधी को ईडी की ओर से तलब किए जाने के मुद्दों को लेकर कांग्रेस की तरफ से लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा कि ईडी, सीबीआई वही करेगी जिससे केंद्र को फायदा होगा। केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा कि कल राहुल गांधी ईडी द्वारा भेजे गए समन के जवाब में खुद को पेश करेंगे। पिछले 7-8 सालों में ऐसी कोई संस्था नहीं है जिसका दुरुपयोग ना किया गया हो। सचिन पायलट ने कहा कि क्या ऐसा संभव है कि पूरे देश में किसी भी भाजपा नेता ने ऐसा कोई काम ना किया हो जिस पर छापा डाला जाए, जांच की जाए या समन किया जाए? सचिन पायलट ने कहा कि आज देश का हर व्यक्ति यह जान गया है कि सीबीआई और ईडी वही करेंगे जो केंद्र की भाजपा सरकार को लाभ देता है। दिल्ली में राहुल गांधी के साथ सभी सांसद, कार्य समिति के स्दस्य और प्रमुख नेता जाएंगे।

# देश के असल मुद्दों से ध्यान भटका रही है सरकारें : मौलाना नोमानी

## मुल्क के बिगड़ते हालात पर इस्लामी विद्वानों ने जताई चिंता

नागौर डैली न्यूज

**जयपुर।** मुल्क में हालात बहुत खराब है, सरकारें अमनों इंसाफ के लिए अपनी जिम्मेदारियां पूरी नहीं कर रही है, जिसकी वजह से पूरा मुल्क परेशान है। यह बात रविवार को यहां जयपुर के कर्बला मैदान में आयोजित राष्टीय अमन व इंसाफ कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता कर रहे मौलाना खलीलुर रहमान सज्जाद नोमानी ने कही। उन्होंने कहा कि देश के मुसलमान हमेशा से अमन, इंसाफ और शांति के अलमबरदार रहे हैं। मौजूदा हालात में वे बहुत सारी चीजों को लेकर सब्र किए हुए हैं। आज देश के मुसलमान उन पर होते जुल्मों ज्यादाती को बर्दाश्त किए हुए हैं तथा उन्हें दोयम दर्जे का नागरिक समझा जा रहा है जो कि कुछेक को गलतफहमी है। मुसलमान इस देश का नंबर वन शहरी है और वह इस धरती पर पैदा हुआ है और भारत की इसी धरती में दफन होगा, लिहाजा सरकारों को चाहिए कि वे उन्हें उनके मौलिक अधिकारों से वंचित नहीं करें और संविधान के मुताबिक उन्हें उनके अधिकार दिए जाएं। वहीं मौलाना नोमानी ने सरकारों पर आरोप लगाया कि वे देश के असल मुद्दों से लोगों का ध्यान भटका कर उन्हें गुमराह कर रही है, जबकि सरकारों का काम अमन व इंसाफ और संविधान के मुताबिक देश संचालन का होता है।

वहीं लोगों की आम जरूरत की चीजें उन्हें आसानी से मुहैया हो जाए, यह जिम्मेदारी सरकारों की है। ज्वाइंट एक्शन फोरम की ओर से आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में कार्यक्रम आयोजक एवं फोरम के कन्वीनर हाफिज मंजूर अली खान ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि केंद्र व राज्य सरकारों को चाहिए कि वे अपने संविधान प्रदत्त मूल्य एवं आम नागरिकों की रक्षार्थ ली गई शपथ को ध्यान में रखते हुए अपनी



जिम्मेदारियां पूरी करें और वंचितों एवं पिछड़ों को आगे लाने के लिए उन्हें सहूलियत मुहैया कराकर अपनी जिम्मेदारी निभाएं। हाफिज मंजूर अली ने कहा कि देश का मुसलमान अपने वतन से बेइंतहा मोहब्बत करता है उसे किसी के सर्टिफिकेट की आवश्यकता नहीं है। वहीं उन्होंने मुसलमानों से आह्वान किया कि वे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते रहें और हौसले बुलंद रखते हुए अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करते रहें।

उन्होंने कहा कि वंचितों को उनके अधिकार मिलना चाहिए तथा संविधान के मुताबिक मौलिक प्रदत्त अधिकार देश के नागरिकों को बिना मांगे हुकूमतों को देकर अपना कर्तव्य निभाना चाहिए। वहीं उन्होंने उपस्थित जनों से आह्वान किया कि वे अपने साथ मजलूम तबको को साथ लेकर देश को विकास पथ पर ले जाए, ताकि अन्याय का खात्मा हो और देशभर में इंसाफ की मशाल जली रहे। वहीं मुख्य अतिथि बरेली शरीफ के तौकीर रजा खान ने कहा कि मजलूम का ज्यादा इम्तिहान लेना ठीक नहीं है, क्योंकि गरीब की दुआ और बद्दुआ खाली नहीं जाती और उसका असर होकर रहता है। खुदा के यहां देर है, अंधेर नहीं। वहीं उन्होंने देश के मौजूदा हालात पर चिंता जताते हुए केंद्र व राज्य सरकारों से अपील की कि वे अपनी जिम्मेदारियों को निभाते हुए जनता



को उनके मौलिक अधिकार व्यावहारिक रूप से प्रदान करें। मौलाना तौकीर रजा खान ने देश में बढ़ती महंगाई और आम जरूरतों की मूल्यवृद्धि पर भी चिंता जताई। साथ ही कहा कि सरकारों को चाहिए कि वे देश के नागरिकों को यह एहसास दिलाएं कि उनके साथ इंसाफ होता रहेगा तथा हालात ऐसे बनाएं कि हरेक व्यक्ति को अमनों सुकून का एहसास हो। कारी हिदायतुल्लाह के तिलावते कुरान से शुरू हुई कॉन्फ्रेंस में मौलाना सुलेमान में नात शरीफ पेश की। वहीं मुफ्ती ए राजस्थान मुफ्ती मोहम्मद जाकिर नोमानी व मुफ्ती हनीफ अहरार ने कहा कि देश नाजुक दौर से गुजर रहा है। चारों ओर असामाजिक और उपद्रवी तत्वों का बोलबाला है, जिन पर हमें एकजुटता के साथ अंकुश लगाना होगा।



## सम्पादकीय

# हिंसक होते बच्चे

पिछले दिनों लखनऊ में एक किशोर ने अपनी मां को इसलिए मार डाला कि वह उसे पबजी खेलने से बरजती थी। मां को मार कर वह उसकी लाश पर खुशबूदार द्रव्य छिड़कता रहा, ताकि बदबू न फैले। अपनी छोटी बहन को भी धमकाता रहा कि अगर उसने इस बारे में किसी को बताया, तो वह उसे भी मार देगा। किशोर के पिता शहर से बाहर नौकरी करते थे। जब बदबू बढ़ने लगी, तो उसने अपने पिता को फोन करके कहा कि किसी ने मां को मार डाला है। विशेषज्ञों का कहना है कि इन खेलों की लत के कारण बच्चे हिंसक हो उठते हैं। अपनी भावनाओं पर उनका नियंत्रण समाप्त हो जाता है। अच्छे-बुरे की पहचान नहीं कर पाते। इन खेलों के नायकों के 'एक्शन' अकसर हिंसा से भरे होते हैं। नायक हाथों में बंदूक और पिस्तौल, किसी खिलौने की तरह लिए होते हैं और किसी को भी उड़ा देते हैं। ऐसे में बच्चों को लगता है कि किसी को मारना भी एक साधारण काम है, खेल है, रोमांच है। जब वे लगातार इन्हें खेलते हैं, तो आदत पड़ जाती है। आदतें आसानी से छोड़ी नहीं जातीं। ऐसे में जो उन्हें इन खेलों को खेलने से रोकता है, वह या तो उसे खत्म कर देते हैं, खत्म करने की सोचते हैं या खुद ही जान दे देते हैं। इस राह में माता-पिता आएं या कोई और, सब हिंसा के शिकार हो जाते हैं। इसका एक बड़ा कारण यह भी बताया जाता है कि कई बार घर के बड़े लोग भी ऐसे खेल खेलते हैं। बच्चे जब उन्हें ऐसा करते देखते हैं, तो वे भी इन खेलों को खेलना चाहते हैं। पहले छिप-छिप कर, फिर खुलेआम। माता-पिता की अनदेखी भी इसका बड़ा कारण है। एकल परिवारों में माता-पिता इतने व्यस्त होते हैं कि उनके पास बच्चों से बात करने का ज्यादा समय नहीं होता।

वे अकसर इस बात पर भी नजर नहीं रख पाते कि बच्चे क्या कर रहे हैं, क्या खेल रहे हैं, उनके दोस्त कौन-कौन से हैं। दोस्तों के साथ भी बच्चे आनलाइन खेलते हैं। दोस्त उन्हें चिढ़ाते भी हैं कि अरे, तुम्हारे माता-पिता कैसे हैं, जो तुम्हें आनलाइन खेल भी नहीं खेलने देते। इससे बच्चों में हीनता और अपने घर वालों के प्रति नफरत का भाव पैदा होता है। वह अपराध के रूप में बाहर निकलता है। एक तरफ हम मांग करते हैं कि बच्चों को ऐसी बातों से दूर रखें, जो उन्हें हिंसक बनाती हैं, मगर व्यापार और बाजार को देखें कि वह उन्हें ऐसे खिलौने और आनलाइन खेल उपलब्ध कराता है, जो अधिक से अधिक हिंसा से भरे होते हैं। जब इन बातों पर सवाल उठाए जाते हैं, तो बड़ी मासूमियत से कहा जाता है कि कौन आपसे कहता है कि अपने बच्चों के लिए ऐसे खिलौने खरीदें, ऐसे आनलाइन खेल खेलने दें। आप उन्हें रोकिए, हम कौन-सा उन्हें मजबूर करते हैं। हमारा काम व्यापार करना है, हम तो करेंगे। आपका काम रोकना है, आप रोकिए।

भारत सरकार ने दो साल पहले पबजी समेत सौ से अधिक ऐसे चीनी एप्प को प्रतिबंधित कर दिया था, लेकिन प्रतिबंध के बाद भी बच्चों तक इनकी पहुंच कैसे हो जाती है, यह सोचने की बात है। इनके अलावा बहुत से दूसरे गेम आ गए। एक अनुमान के अनुसार आनलाइन गेमों का कारोबार इस साल के अंत तक 11900 करोड़ और विश्व भर में 2025 तक इसका कारोबार 12,205 करोड़ अमेरिकी डालर होने की संभावना है। भारत में आनलाइन खेलों का कारोबार उनतीस लाख अमेरिकी डालर का है। चीन ने शायद आनलाइन खेलों से जुड़ी इस आफत को पहले ही पहचान लिया था, इसलिए वहां बच्चे हफ्ते में कुछ घंटे ही इन्हें खेल सकते हैं।

# पाली में हुई अनोखी पहल ने जल संकट को सुलझाने का मार्ग दिखाया

**जलदाय विभाग के नए अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुबोध अग्रवाल स्वयं पाली से 10 किमी दूर सुवानियां और मानपुर की खदान पर गए और जिला प्रशासन, खान विभाग व जलदाय इंजीनियरों से समन्वय बनाते हुए पाली के जल फिल्टर प्लांट तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की। मजे की बात यह कि पाली के लिए अभी दो खदानें ही जलापूर्ति में सहभागी बन रही थीं कि जाड़न खदान से भी पानी लाने की कार्ययोजना बन गई। देश के सबसे बड़े प्रदेश राजस्थानवासी ही सही मायने में पानी का मोल समझते हैं। हालांकि कहावतों में पानी के मोल होने का सामान्य अर्थ बहुत सस्ता होना होता है पर राजस्थान के संदर्भ में यदि कोई सबसे अधिक कीमती है तो राजस्थान में पानी ही है। गर्मियों के मौसम में तो पानी को लेकर प्रशासन जिस तरह से पसीने पसीने हो जाता है वह इन दिनों की मीडिया रिपोर्ट्स से देखा जा सकता है। इन दिनों पाली की प्यास वाटर स्पेशल ट्रेन से बुझाई जा रही है तो एक समय भीलवाड़ा के लिए भी वाटर स्पेशल ट्रेन से पानी की आपूर्ति की जाती रही है। हालांकि अप्रैल के दूसरे पखवाड़े से जोधपुर भगत कोठी से पाली मारवाड के लिए चल रही वाटर स्पेशल ट्रेन के सौ फेरे पूरे कर लेने की मीडिया में यह खबर पिछले दिनों प्रमुखता से छाई रही है। इस सबके बीच**

**मौसम** विभाग का इस बार भी देश में सामान्य मानसून का संदेश राहत भरा है। दरअसल गर्मियों का मौसम आते आते देश के बहुत से हिस्सों में पेयजल का संकट बढ़ जाता है। पिछले कुछ सालों से सामान्य मानसून के बावजूद भूगर्भीय जल स्तर में लगातार गिरावट देखी जा रही है। भूगर्भीय जल के अत्यधिक दोहन और लाख प्रयासों के बावजूद वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के सकारात्मक परिणाम प्राप्त नहीं होने के कारण देश के अधिकांश हिस्सों में भूगर्मीय जल स्तर लगातार नीचे जा रहा है।

डार्क जोन बढ़ते जा रहे हैं। इसके जो कारण है वह भी किसी से छिपे नहीं हैं। एक तो अत्यधिक दोहन, दूसरा पानी का अत्यधिक उपयोग और परंपरागत जल संग्रहण व्यवस्था के लगभग समाप्त हो जाने से हालात दिन-प्रतिदिन बद से बदतर होते जा रहे हैं। ऐसे में राजस्थान के पाली मारवाड से सुकुन भरा संदेश आया है। पाली में पेयजल संकट के दौरान एकाएक ध्यान पाली से मात्र दस से पन्द्रह किलोमीटर दूर की खदान में भरे पानी की ओर गया और जब उस पानी का आकलन किया गया तो आश्चर्यजनक तथ्य सामने आया कि इन खदानों से पाली को प्रतिदिन 3 एमएलडी यानी कि 30 लाख लीटर पानी की आपूर्ति की जा सकती है और वो भी एक दो दिन नहीं बल्कि आरंभिक आकलन के अनुसार पूरे दो माह यानी की जून के अंत तक।

पाली वासियों की प्यास बुझाने में खदानों में भरे पानी की आपूर्ति को अपने आप में किसी सराहनीय नवाचार से कम नहीं आंका जा सकता। सामान्यत: मीडिया में खदानों में भरे पानी में नहाते हुए डूबने के समाचार तो आते रहते हैं पर जीवनदायी बनती खदानों में भरी बरसात की एक एक बूंद का महत्व पाली में जलापूर्ति से आसानी से समझा जा सकता है। यह सही है कि पाली की जलापूर्ति की पूरी आवश्यकता इन खदानों में भरे पानी से नहीं हो सकती पर इस मायने में यह सराहनीय हो जाता है कि वाटर ट्रेन से आ रहे पानी के बाद भी कम पड़ रहे पानी की मांग इन खदानों के पानी से आसानी से हो सकती है।

समूचे राजस्थान में बेशकीमती खनिजों के भण्डार भरा है। कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के क्षेत्र में भी राजस्थान की समूची दुनिया में विशिष्ठ पहचान हो गई है। इन सबके बीच सकारात्मकता यह है कि पाली में खदानों से पानी की आपूर्ति नवाचार अवश्य है और एसीएस डॉ. सुबोध अग्रवाल ने इन खदानों के पानी को आधुनिकतम तकनीक से फिल्टर कर पेयजल के पाली तक पहुंचाने का विवेकपूर्ण निर्णय कर एक नई दिशा दे दी है। राजस्थान खनिज प्रधान प्रदेश होने से खदानों की प्रचुरता भी है। ऐसी खदानें जिनमें अब खनन नहीं हो रहा है और कोई वैकल्पिक उपयोग नहीं दिखता तो इन खदानों में भरे बरसात के पानी की एक एक बूंद का उपयोग जलापूर्ति में किए जाने की कार्ययोजना बनाई जा सकती है। इस पानी को पेयजल व सिंचाई के लिए भी उपयोग में लिया



जा सकता है। राजस्थान में पेयजल आपूर्ति के लिए चित्तोड़ की खदान और उदयपुर के रॉकफास्फेट की खदानों से किया जा रहा है। इस तरह से खदान का पानी जीवनदायी होने के साथ ही पानी की एक एक बूंद के लिए तरसते प्रदेश के लिए अति उपयोगी सिद्ध हो सकता है। राजस्थान देश का सबसे बड़ा प्रदेश है तो यहां देश की 5.40 प्रतिशत आबादी और 19 प्रतिशत पशुधन है। एक समय कहा जाता था कि घी ढुल जाए तो गम नहीं पर पानी नहीं ढुलना चाहिए, यह कहावत पानी के महत्व को दर्शाती है। प्रदेश के 239 उपखण्डों में से 195 उपखण्ड डार्कजोन की श्रेणी में हैं। बरसात कम या छितराई होती है तो सतही पानी का केवल 1.16 प्रतिशत ही राजस्थान में है।

ऐसे में पानी का सही मोल राजस्थानवासी या गर्मियों में जूझते जलदाय विभाग के अधिकारी कर्मचारी व जिला प्रशासन ही समझ सकता है। ऐसे में खदानों के पानी के उपयोग का जो प्रयोग पाली में किया है उसे विस्तारित कर गर्मियों में पानी की आवश्यकता को कुछ मात्रा में तो पूरा किया ही जा सकता हैं वहीं बरसात में जल संग्रहण की चैन विकसित भी की जा सकती है कि बरसात से पहले खदानों का पानी उपयोग में ले लिया जाए ताकि बरसात में पुन: पानी भरने से उसका उपयोग किया जा सके। इससे करोड़ों लीटर पानी की बचत हो सकेगी, समय पर जरूरत पूरी हो सकेगी और जल संरक्षण से भूजल के स्तर को भी बनाए रखने में सहायता मिल सकेगी।

पाली की पहल को एक उदाहरण के रूप में लिया जा सकता है और देश के अन्य प्रदेशों की खदानों में भरने वाले वर्षा जल का उपयोग बेहतर तरीके से किया जा सकता है। इससे जहां पेयजल या सिंचाई की आवश्यकता पूरी करने में सहयोग मिलेगा वहीं वर्षांत में पुन: भरने से वाटर हार्वेस्टिंग की बेहतरीन प्रक्रिया तय हो सकेगी। पाली के नवाचारी प्रयोग को उदाहरण के रूप में लेते हुए वर्षा जल का संग्रहण और उसका बेहतर उपयोग सुनिश्चित हो सकता है।

## आज का राशिफल

### मेष
आज दिन में स्नेहीजनों और मित्रों के साथ आनंद-प्रमोद में गुजरेगा। नए वस्त्र तथा आभूषणों की खरीदी कर सकेंगे। सामाजिक रूप से मान-सम्मान प्राप्त होगा। नए सम्बंध बनाने से पहले सोचकर कदम बढ़ाएं।

### वृषभ
व्यापार के लिए आज का दिन बहुत लाभदायी है। पारिवारिक वातावरण भी सुख-शांति का बना रहेगा। विरोधियों पर आप को विजय प्राप्त होगी। नौकरीपेशा लोगों के लिए स्थल पर सहकर्मी विशेष सहायक बनेंगे।

### मिथुन
आज का आप का दिन किसी खास चर्चा में गुजर सकता है। आप अपनी कल्पनाशक्ति से कुछ नया कर पाने में समर्थ रहेंगे। दोपहर के बाद व्यापार में थोड़ी परेशानी आ सकती है। घर में शांति का वातावरण बना रहेगा।

### कर्क
हताशा से आप थोड़े चिंतित रहेंगे। इस कारण शारीरिक रूप से आप अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। प्रवास के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है। जमीन और वाहनों से जुड़ी समस्या आपको हो सकती है।

### सिंह
आज व्यापार या नौकरी के लिए कोई छोटी यात्रा हो सकती है। विदेश से कोई अच्छे समाचार मिलेंगे। धन लाभ होगा। नए काम के लिए अच्छा समय है। किसी लाभदायक निवेश में आप रुचि ले सकते हैं।

### कन्या
आज आपके मन में किसी बात को लेकर दुविधा बनी रहेगी। कोई नया काम शुरू ना करें। ज्यादातर समय मौन बने रहें, इससे विवाद होने से बच जाएगा। परिजनों के साथ बातचीत में संयम बरतें।

### तुला
आज आपकी रचनात्मकता से कोई कठिन काम आसान बना पाएंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रहेंगे। विचारों में दृढ़ता बनी रहेगी। नए वस्त्र, आभूषण या मनोरंजन के पीछे धन खर्च होगा।

### वृश्चिक
परिजनों के साथ संभव हो, तो वाद-विवाद टालें। इगो को अलग रखकर मेल-जोलभरे वातावरण में काम करें। आपका उग्र और असंयमित व्यवहार आपको समस्या में डाल सकता है। जीवन में आनंद का वातावरण रहेगा।

### धनु
दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ कोई अनहोनी हो सकती है, उनका ध्यान रखें। आर्थिक मामलों में आज आपको बेहद सावधानी से आगे बढ़ना होगा। शाम के बाद आज आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज पदोन्नति के योग हैं।

### मकर
व्यावसायिक क्षेत्र में आज आपके लिए लाभकारी दिन है। काम में पदोन्नति होगी। मित्रों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम होगा। व्यापारीवर्ग को भी लाभ होगा। दोपहर के बाद स्वास्थ्य के मामले में ज़रा संभलकर रहें।

### कुंभ
स्थायी संपत्ति के काम के लिए आज का दिन श्रेष्ठ है। व्यापार में सफलता मिलेगी। अधिकारी आपके काम से खुश रहेंगे। परिवार का वातावरण आनंदपूर्ण रहेगा। सामाजिक तथा आर्थिक क्षेत्र में लाभ होगा।

### मीन
आज व्यापार करने वालों को संभलकर चलना होगा। नौकरी में अधिकारियों के साथ बातचीत करते समय बहुत ध्यान रखें। संतान के स्वास्थ्य या पढ़ाई के विषय में चिंता रहेगी। लंबे समय के प्रवास की योजना बनेगी।

## नागौर आसपास

### अम्बुजा सीमेंट फॉउण्डेशन में संग्रहित वर्षा जल के समुचित प्रबंधन पर किसान कार्यशाला का हुआ आयोजन

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** शहर के अम्बुजा सीमेंट फॉउण्डेशन प्रांगण में शनिवार को संग्रहित वर्षा जल के समुचित प्रबंधन पर किसान कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि डॉ. एन एम सिंघवी पूर्व चेयरमैन, मानव संसाधन विकास व योजना आयोग राजस्थान थे। इन्होंने बताया की हमें वर्षा जल का संचय करना चाहिए और उसका तकनीकी रुप से उपयोग फसल उत्पादन में करना चाहिए व उन्होंने बताया की अधिकतम उपयोगी पौधे लगाकर हमें वर्षा को आमंत्रित करना चाहिए व साथ ही हमें स्थानीय पौधे जैसे: खेजड़ी, गुन्दा, आंवला, जामुन, बेर, केर आदि लगाकर कम मेहनत पर अधिक उत्पादन मिलता है। इनका आसानी से बाजारीकरण भी हो जाता है।

विशिष्ट अतिथि मान हेमेंद्र सिंह राठौड़ इकाई प्रमुख अम्बुजा सीमेंट मारवाड़ मुंडवा ने बताया की हम गाँवों में विकास के कार्य को समर्पित भाव से करते रहेंगे जिससे की हमारे किसान खुशहाल रहे व खेती व जल संग्रहण के प्रति उनकी रूचि बढ़े। कार्यक्रम में गौरव खंडेलवाल, सुदर्शन मंगरोलिया, मोहमद अली, सुखदेव लावा, रामस्वरूप मुण्डेल, राजेंद्र मुण्डेल व सभी प्रसार कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम में आये हुए किसानो को विजेंद्र चौहान, रमेश चंद्र द्वारा धन्यवाद प्रेषित किया गया।

# ईशान, लोकेंद्र व जयदीप खेलेंगे भारतीय टीम में

## अंडर 16 एशियन टीम में राजस्थान से तीन खिलाड़ियों का चयन

अबरार अली बेरी

**डीडवाना( नागौर डेली न्यूज ) :** आगामी 12 से 15 जून तक दोहा कतर में आयोजित होने वाली अंडर 16 एशियन बास्केटबॉल चेम्पियनशिप के लिए राजस्थान से तीन खिलाड़ियों का चयन भारतीय टीम में हुआ है। राजस्थान बास्केटबॉल संघ के प्रदेश सचिव देवेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि कतर के दोहा में चार दिवसीय प्रतियोगिता होने जा रही है, जिसमें एशियाई देशों की टीमें भाग लेंगी। शेखावत ने बताया कि अंडर 16 भारतीय टीम के लिए राजस्थान से मोहम्मद ईशान, जयदीप सिंह और लोकेंद्र सिंह का अंतिम रूप से चयन हो गया है। उल्लेखनीय राजस्थान के खिलाड़ियों का हर वर्ग की टीम में लगातार स्थान बनाना अपने आप मे कीर्तिमान है। तीनों खिलाड़ियों के चयन पर खेल जगत में हर्ष व्याप्त है नगर की अनेक खेल संस्थाओं, संगठनों, पूजा खेल एकेडमी, मारवाड़ खेल अकेडमी, फरहत अली सचिव जिला फुटबॉल संघ, सहित महावीर ओझा, नरपत सिंह राठौड़, गुमान सिंह, सुरेश मारोठिया, मोहम्मद नईम खत्री, विवेक रंजन सिंह, गुलाब कच्छावा, अमजद एच पठान, कृष्ण मोहन शास्त्री, कुलदीप पँवार, विक्रम पँवार, रमेश वर्मा, गोविंद गुर्जर, देवेश त्रिपाठी, शंकर सैनी, अबरार अली बेरी, हाजी सलीम खान पठान, अरशद एच पठान, बजरंग पँवार, श्रीमती सकीला परिहार खान, रमाकांत सारस्वत, सुश्री त्रिवेणी शर्मा, सुश्री रेखा जैन, श्रीमती सुधा सारस्वत, एडवोकेट वीपी सिंह, यूनूस पठान, पीयूष द्विवेदी, राम चन्द्र तापड़िया, अशोक शर्मा, अनन्त शर्मा, सुरेश वर्मा आदि ने बधाइयां प्रेषित करते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

### प्रतिभावान विद्यार्थियों का किया सम्मान

हरसौर(नागौर डेली न्यूज)

शनिवार को निकटवर्ती भंवाल चारणा में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में कला वर्ग में 93 प्रतिशत अंक हासिल करने वाली छात्रा प्रियांशु कंवर का सम्मान किया गया।

## अखिल भारतीय संयुक्त प्रवेश परीक्षा की तैयारी

### रुपम संस्थान मूंडवा के तत्वावधान में फ्री कोचिंग

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** यहाँ के रुपम साहित्य एवं शिक्षा संस्थान मूंडवा के तत्वावधान में अखिल भारतीय केन्द्रीय विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा 2022(सीयूइटी) की तैयारी करवाई जा रही है। कक्षाएँ ऑफलाईन संचालित हो रही है । राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मूंडवा में प्रात: आठ बजे से ग्यारह बजे तक भाषा शिक्षण और जनरल पेपर की तैयारी करवाई जा रही है।

भाषा शिक्षण के लिए व्याख्याता जयराम सिंवर हिंदी, मो. ख्वाजा हुसैन संस्कृत और कंवरीलाल जेठू अंग्रेजी की तैयारी करवा रहे हैं। प्रधानाचार्य भंवरलाल जाट सामान्य ज्ञान, हिंदी व अंग्रेजी में सहयोग कर रहे हैं वहीं डोमेन सबजेक्टस में अब ऑनलाइन सेवाएँ ली जाएगी।

प्रधानाचार्य जाट का कहना है कि अगर पांच विद्यार्थियों का चयन होता है तो भी मूंडवा के लिए बड़ी बात होगी। हमें किसी न किसी रूप में उच्च शिक्षा के लिए बच्चों को बाहर भेजने की शुरुआत करनी होगी।

## निर्जला एकादशी का पर्व धूमधाम से मनाया, महिलाओं ने किया जमकर दान पुण्य

अ.रहमान देवड़ा

मूण्डवा(नागौर डेली न्यूज)। मूंडवा व आस-पास के गांव में निर्जला एकादशी का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया। इस एकादशी पर्व पर महिलाओं ने जमकर दान पुण्य किया। कई महिलाओं ने बिना जलपान किए व्रत रखा शहर के विभिन्न स्थानों पर लोगों के द्वारा शरबत आमरस जल, नींबू पानी पिलाया। बस स्टेशन पर दुकानदारों ने टेंट लगाकर आवागमन करने वाले लोगों निर्जला एकादशी पर जूस पिलाया। इस दौरान भंवरलाल जांगिड़, शैलेश बाजिया, नंदकिशोर भांबू, बजरंग सिंह, कैलाश मुंडेल, मनोज टेलर, धर्मेंद्र सिंह, महावीर सिंह, सज्जन आदि कई लोगों ने शरबत पिलाया। वहीं शहर के भट्टड़ो के चौक में मौहल्लेवासियो नें आवागमन करने वाले लोगों को निर्जला एकादशी पर जूस पिलाया। इस दौरान धनराज तोषनीवाल, महेश पाराशर, राजकुमार जाजड़ा, भगवान बंग, अनिल तोषनीवाल, अभिषेक, लखन, महेश, कालू खान, धीरज, जगदीश आदि लोग उपस्थित रहे।









# सैंट्रल बैंक एटीएम में लगी आग

## दीवार पंखें में शार्ट शर्किट हो से लगी आग आसपास के दुकानदारों की सूझबूझ से नहीं हुआ कोई नुकसान

अ.रहमान देवड़ा




**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** मारवाड़ मूंडवा के बस स्टेशन के सैंट्रल बैंक के एटीएम में अचानक धुंआ उठने लगा। धुआं उठते देख अफरा तफरी मच गई। आस पास के दुकानदार इक्कटठे हो गये। तुरंत बैंक प्रबंधक को जानकारी दी गई। रविवार होने की वजह से बैंक में अवकाश था। धुंआ उठता देख नगर पालिका दमकल को सूचना दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बैंक एटीएम में लगे एक दीवार पंखें में शार्ट शर्किट हो जाने से आग लग गई। आग लगते ही पूरा एटीएम धुएं से भर गया और बाहर की ओर भी धुंआ तेजी से आता दिखाई दिया तो अफरा तफरी मच गई।

पास में सैलुन की दुकान के अरविन्द सैन ने तुरंत तत्परता दिखाते हुए पंखे की वायरिंग को अलग किया और जलते पंखे को एटीएम से बाहर पटका। तब तक सूचना मिलने में नगर पालिका और अम्बुजा की दमकलें भी तुरंत मौके पर पंहुच गई। हालांकि इन दमकलों की कोई आवश्यकता नहीं पड़ी। इससे पूर्व ही दुकानदारों ने मिलकर स्थिति को नियंत्रित कर लिया। तब तक बैंक में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मंगलाराम भी मौके पर पंहुच गया। उसने दरवाजे खोलकर सारी स्थिति को देखा, सब कुछ सामान्य ही था। इस हादसे में केवल एक पंखा ही जला था।

### बैंक प्रबन्धन की लापरवाही सामने आयी।

गौरतलब है कि इसी बैंक में कुछ वर्ष पूर्व आगजनी की घटना हो चुकी है। संयोग ऐसा कि उस दिन में राष्ट्रीय पर्व के चलते अवकाश था। उस समय भी शार्ट शर्किट से ही आगजनी हुई थी, तब भी कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ था। उसी बैंक में इस तरह की दुसरी घटना हो गई। गनीमत यह रही की यह दिन का समय था यदि रात्रि में ऐसी घटना होती तो सम्भवतः हादसा बड़ा और नुकसान भी हो सकता था। बैंक एटीएम में जहां एसी होना चाहिए वहां एक सामान्य पंखा लगाकर छोड़ दिया। यह पंखा भी बिना रूके लगातार चलते रहने से गर्म होकर जल गया और घटना घटित हो गई।

# ट्रांसफार्मर में जा घुसी कार, नवयुवक बना कंकाल

- कुचामन शहर के हिराणी में हुआ दर्दनाक हादसा
- हादसे की भयावहता ऐसी की सोशल मीडिया पर फोटो देखकर ही लोगो की रूह कांप उठी

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के समीपस्थ हिराणी में मुख्य रोड पर एक कार अनियंत्रित होकर रोड के साइड में लगे ट्रान्सफार्मर में जा घुसी। हादसा इतना भयानक था कि मौके पर उपस्थित लोगो की रूह कांप उठी। हादसा रविवार दोहपर करीब 3 बजे का है। हादसे में कार सवार 3 अन्य युवक बच गए है वहीं एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान सुरेश कुमावत पुत्र धर्माराम कुमावत उम्र 19 वर्ष निवासी आसनपुरा कुचामन के रूप में हुई है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कंकाल बन चुके शव को बमुश्किल बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में भिजवाया। कुचामन पुलिस के अनुसार हादसे के वक्त 4 दोस्त गाड़ी में सवार थे। दुर्घटना होने पर 1 युवक कूद गया तथा 2 को मौके पर खड़े एक महिला व अन्य लोगो ने बचाया। फ्रंट सीट पर बैठा सुरेश आग की चपेट में आ गया व देखते ही देखते गाड़ी के साथ ही भयंकर तरीके से जल गया।

## जाबाज संतोष मेघवाल ने बचाई 3 जाने

तेज गति से आई ब्रेजा कार जैसे ही डीपी से टकराई तो तेज आवाज सुनकर पड़ौसी संतोष मेघवाल पत्नी कानाराम मेघवाल दौड़कर आई। उसने आवाज लगाकर अपने एक-दो परिजनों को ओर बुलाया तथा बिना अपनी जान की परवाह किए फोरन कार की तरफ दौड़ी। जैसे ही कार में आग लगना तेज हुई संतोष ने अपनी जान की परवाह किए बगैर तीनो युवकों को खींच-खींच कर बाहर पटका और देखते ही देखते कार आग का गोला बन गई और एक लड़का उसमें जल गया। संतोष ने बताया कि उसे मलाल है कि वह उस लड़के को नहीं बचा पाई लेकिन सबकुछ इतना जल्दी हुआ कि सोचने-समझने का मौका ही नहीं दिया। संतोष मेघवाल ने बताया कि घटना के समय गाड़ी में करंट दौड़ रहा था या नहीं इसका उसे बिल्कुल अंदाजा नहीं था, हो सकता है टक्कर के बाद डीपी दूर जाकर गिरने से करंट का सम्पर्क कार से टूट गया हो लेकिन उसने आग से घिरी गाड़ी में से तीनों युवकों को निकाल लिया।



मृतक सुरेश कुमावत



कुचामनसिटी। संतोष मेघवाल, जिसने समय रहते आग से घिरी कार में से तीन युवकों को खींचकर बाहर निकाला।



कुचामनसिटी। रविवार को हिराणी के पास हुए सड़क हादसे के बाद गाड़ी में कंकाल बना नवयुवक का शव।

# शांत वातावरण में युवा कर सकेंगे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी : रामप्रकाश महाराज

## वातावनुकूलित लाइब्रेरी में गरीब, बेसहारा और बीपीएल बच्चों को दी जाएगी नि:शुल्क शिक्षा



फखरूद्दीन खोखर

**रूण( नागौर डेली न्यूज ) :** पीतलाई नाडी रोड़ पर गांव रूण में पहली बार पब्लिक लाइब्रेरी (पुस्तकालय) का शुभारंभ हुआ। नोखा चांदावता के त्यागी संत रामप्रकाश महाराज ने शुभ मुहूर्त में फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर त्यागी संत ने कहा गांव रूण में पहली बार पब्लिक लाइब्रेरी नाम से इस संस्थान का शुभारंभ हुआ है , यह गांव रूण सहित आसपास के गांवो के विद्यार्थियों के लिए बहुत ही खुशी की बात है,यह लाइब्रेरी (पुस्तकालय) प्रतियोगी परीक्षार्थियों के लिए बहुत ही लाभदायक रहेगी। उन्होंने आगे कहा कि पुस्तकालय एक संपूर्ण ज्ञान संग्रहालय के रूप में केंद्र बिंदु होता है, यहां पर हर रचनात्मकता को सम्मान मिलता है और विद्यार्थी को शांत वातावरण में आईआईटी, यूपीएससी जैसी कई प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए शांत वातावरण में मदद मिलेगी, उन्होंने आगे कहा कि आज के युवाओं में मोबाइल का चलन ज्यादा होने की वजह से पढ़ाई की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, यह बहुत ही गहरी चिंता का विषय है, इसीलिए ऐसी लाइब्रेरी में प्रसन्न चित्त होकर पढ़ाई की तैयारी करें तो निश्चित ही आपको परीक्षाओ में कामयाबी मिलेगी।

इस दौरान संचालक किशन शर्मा ने बताया गांव में पहली बार खोली गई इस वातानुकूलित लाइब्रेरी में कोरोना काल में जिनके माता-पिता चल बसे उनके बच्चों को तथा बीपीएल या चयनित परिवार के बच्चों को नि:शुल्क यहां पर पढ़ाई कराई जाएगी । इस मौके पर नोखा चांदावता के संत तुकाराम महाराज, विट्ठलदास महाराज,रामेश्वर गोलिया, सहदेव गोलिया,हरिप्रसाद शर्मा, कैलाश भालिया पूर्व प्रधानाचार्य जंवरीलाल दाधीच, ताराचंद शर्मा, वासुदेव टेलर, फखरुद्दीन खोखर, मेहराम गोलिया उपस्थित रहे।

# संखवास में सप्त दिवसीय श्रीमद भागवत महापुराण कथा के समापन पर 111 कलशों के साथ निकली शोभायात्रा

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** निकटवर्ती गांव संखवास कस्बे चल रही सप्तदिवसीय श्रीमद भागवत महापुराण कथा का समापन हुआ। अंतिम दिन कथावाचक ने श्रीकृष्ण विवाह और कंस वध के बारे मे विस्तार से बताया। इस अवसर पर कथा वाचक विनोद कोशिक जी महाराज ने बताया कि भागवत भारतीय जीवन और संस्कृति का हृदय तथा मूल आधार है। समाज में फैली कुरीतियों, कुप्रथाओं और नकारात्मक मूल्यों के विरुद्ध आवाज उठाने की शक्ति हमें भागवत से मिलती है। भागवत मनुष्य को भक्ति के उच्च शिखर पर पहुंचाती है। व्यक्ति धन, संपत्ति, विद्या, बुद्धि, पद प्रतिष्ठा यह सब चीजें परिश्रम और पुरुषार्थ से प्राप्त कर लेता है, परंतु इनके सदुपयोग के लिए सद् बुद्धि विवेक और दूरदर्शिता की आवश्यकता होती है। मन की शुद्धि के लिए श्रीमद् भागवत से बढ़कर कोई साधन नहीं है। कथा के अंतिम दिन अनेको झांकियां बनाकर गांव कै मुख्य मार्ग से होती हुई गुजरी तो ग्रामवासियों ने फूल बरसाकर स्वागत किया गया। समापन के अवसर पर कस्बे की सैंकडों महिलाएं कलश लेकर भगवान के गीत गाती हुई पैदल चलकर श्रीमद भागवत कथा के समापन पर शोभायात्रा में शामिल हूई। शोभायात्रा कथा स्थल से प्रारंभ होकर गांव के मुख्य बाजार स्थित मंदिर में भव्य आरती के साथ समापन हुआ।





# रामानंद चन्द्रकुमार वर्मा के सौजन्य से निर्मित जल मंदिर का हुआ लोकार्पण



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट एवं लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट सेवा ट्रस्ट द्वारा कुचामन निवासी हैदराबाद प्रवासी रामानंद चन्द्रकुमार वर्मा के सौजन्य से राजकीय पशु चिकित्सालय में बनवाये गए प्यूरीफायर फिल्टर प्लांट एवं वाटर कूलर युक्त जल मंदिर का लोकार्पण भामाशाह परिवार के ओमप्रकाश सोनी, पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ गोविंदराम चौधरी, क्लब अध्यक्ष लॉयन वेनिगोपाल मालपानी, ट्रस्ट अध्यक्ष लॉयन राम काबरा, संरक्षक लॉयन पवन जैन, मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी अध्यक्ष मोहम्मद शकील ने फीता काटकर किया। इस दौरान लॉयन राम काबरा ने कहा भीषण गर्मी में राहगीरों के लिए शीतल जल की व्यवस्था करने से बड़ी कोई सेवा नहीं है।

# चौधरी जिला मंत्री पद पर निर्विरोध निर्वाचित

## शिक्षक संघ शेखावत के जिला अधिवेशन में हुआ शैक्षिक समस्याओं पर मंथन



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत का 61वां जिला अधिवेशन व वार्षिक चुनाव अतिथि रजत खान अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी के आतिथ्य व जिलाध्यक्ष अर्जुन लोमरोड़ की अध्यक्षता में राजकीय उच्च माध्यमिक रतन बहन बालिका विद्यालय नागौर में आयोजित हुआ। प्रथम सत्र में जिला मंत्री प्रेम सिंह चौधरी ने संघ के वार्षिक संघर्ष से अवगत कराते हुए पीएफआरडीए एक्ट रदद् करके एन पी एस का जमा पैसा लौटाने, लोककल्याणकारी संस्थाओ का निजीकरण बन्द करने, संविदाकर्मियों को नियमित करने, ठेका प्रथा बन्द करने, रिक्त पदों की पूर्ति करने, विद्यालय में भौतिक संशाधन उपलब्ध करवाने सहित शिक्षा, शिक्षार्थी व शिक्षक हितों पर मन्थन किया गया। जिला अध्यक्ष अर्जुन लोमरोड़, प्रान्तीय प्रतिनिधि पवन शर्मा, रामस्वरुप चौधरी सहित सुखराम सिरोही, नेमाराम जाखड़, श्रवण खोखर, संजय खटीक, ओमप्रकाश शर्मा, अब्दुल रहुफ,पेमा राम ढाका, नानूराम गोदारा, बोदूराम गोदारा, श्रवण बेरवाल, धर्माराम तेतरवाल, नैन मोहम्मद चौहान, धन्ना राम टाडा, दिनेश मुंडेल, हरजीत काला, बलदेव काला आदि ने संबोधित करते हुए एकजूट रहकर संघर्ष करने का आव्हान किया। जिला कोषाध्यक्ष गजेन्द्र गेपाला ने वर्षभर का आय व्यय का ब्यौरा सदन में प्रस्तुत किया।



# मोदी सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर निकाली वाहन रैली



जुगल किशोर शर्मा

**परबतसर( नागौर डेली न्यूज ) :** मोदी सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर परबतसर किले वाले बालाजी से भाजयुमो जिलाध्यक्ष गिरिराज पारीक के नेतृत्व में विकास तीर्थ बाइक रैली निकाली जिसमें जिला अध्यक्ष गजेंद्र सिंह ऑडिट, पूर्व विधायक मानसिंह किनसरिया ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। यात्रा प्रभारी भाजयुमो शहर मंडल अध्यक्ष विष्णु मानधनियाँ ने बताया कि रैली शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए भाजपा कार्यालय में रैली संपन्न हुई। भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार की सराहना करते हुए मोदी और उनकी योजनाओं के नारे लगाए। कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार की विभिन्न योजनाओं की तख्तियां हाथों में लेकर मोदी सरकार के उपलब्धियां बताई। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष ओमप्रकाश सेन, नगरपालिका उपाध्यक्ष रामनिवास दिवाकर, भाजयुमो जिला कोषाध्यक्ष मनीष रान्दड़, भाजयुमो जिला मंत्री हरलाल गुर्जर, जिला मीडिया सह संयोजक रोहित सेन,बड़ु मंडल रूप सिंह,भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष रमेश खंडेलवाल, दलपत सिंह रूणीजा, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष अशोक मारोठिया, बजरंग लाल सैनी आदि मौजूद रहे।

# अनिल का क्रिकेट टीम में चयन, खेलप्रेमियों ने किया सम्मान

## रियांबड़ी सहित माणकीयावास ग्रामीणों में छाई खुशी

इलियास खान



**रियांबड़ी( नागौर डेली न्यूज )।** उपखंड रियांबड़ी क्षेत्र के ग्राम माणकीयावास निवासी अनिल डेवाल का अभी हाल ही में ऑल स्टार क्रिकेट लीग में चयन होने पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। वहीं क्षेत्रवासियों ने अनिल का सम्मान कर माला पहनाई। गौरतलब है कि अनिल अध्ययन के साथ ही गांव में रहकर अपने खेल के बल पर ही बिना किसी एकेडमिक प्रशिक्षण के यह मुकाम पाया है । प्रेस से रूबरू होते हुए युवा खिलाड़ी अनिल डेवाल ने कहा कि हॉल ही में चयन हुए एएससीएल में प्रशिक्षण के बाद देहरादून में खेलेंगे। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व जिलास्तरीय लेवल पूर्ण होने के बाद स्टेट लेवल पर जयपुर में ट्रायल मैच खेले गए उसमें चयन के बाद मुझे यह चान्स दिया गया। युवा खिलाड़ी की पढ़ाई में भी रूचि का इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि अभी हाल ही में खिलाड़ी डेवाल का जेट में भी चयन हो चुका है। सरपंच घेवरी देवी ने बताया कि गांवों में भी प्रतिभाओं की कमी नही अगर अवसर मिले तो ग्रामीण प्रतिभाएं बड़े से बड़े मुकाम भी हासिल किए जा सकते हैं। युवा क्रिकेट प्रेमियों व खिलाड़ियों की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में अनिल का जगह जगह स्वागत किया गया।

# डेगाना शहर में गौ गर्जना यात्रा की टीम पहुंची

शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** भारत देश की संस्कृति सम्पुर्ण विश्व के लिए प्रेरणा का कार्य करतीं हैं,भारत की भूमि पर महान संत व वीर योद्धाओं की जन्म भूमि रही है,लेकिन आज के इस कलयुग में गौ माता को लेकर लगातार देश के कौने कौने से आवाज़ उठने लगी है कि गाय को राष्ट्र माता घोषित किया जाए।गाय को राष्ट्र माता घोषित करने को लेकर कुछ ख्याति प्राप्त संत अब देश भर में गौ गर्जना यात्रा निकाल कर देश के प्रधानमंत्री को गाय को राष्ट्र माता घोषित करवाने के पीएम तक आवाज़ भेजेंगे,संत दयालपुरी जी ने कहा कि गौ माता को राष्ट्र माता घोषित किया जाए,जिससे कि गायों की सेहत की स्थिति दयनीय है। अवैध बुचड़ खानों में गायों की बहेरमी से काट कर उनका बीफ लोग खाते हैं। यह सभी भारत में बन्द हो।

# नायरा फाउंडेशन ग्रुप के रक्तदान शिविर में 60 यूनिट रक्त संग्रहित

## लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट, मुस्लिम एज्यूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी, मणियार एवं बन्दुकसाज कारीगर समाज का रहा सहयोग

सद्दाम रंगरेज





**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में नायरा फाउंडेशन ग्रुप के तत्वावधान में रविवार को शहर के नया शहर स्थित हौम्योपैथिक हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट, मुस्लिम एज्यूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी, मणियार एवं बन्दुकसाज कारीगर समाज कुचामन के सौजन्य से आयोजित इस शिविर में

60 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। शिविर में मोनार्क ब्लड सेन्टर जयपुर ने रक्त संग्रहण का कार्य किया। नायरा फाउंडेशन के सलामुद्दीन मणियार ने बताया कि शिविर का शुभारंभ नगर परिषद् के उपसभापति हेमराज चांवला, लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट के संस्थापक अध्यक्ष राम काबरा, मदरसा इस्लामिया सोसायटी के सदर मोहम्मद सलीम कुरैशी, मुस्लिम एज्यूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी के सदर मोहम्मद शकील ने किया।

शिविर में शहर के युवाओं बढ़-चढ़कर रक्तदान में हिस्सा लिया। शिविर में मनोज भारद्वाज ने अपनी धर्म पत्नी वंदना के साथ एवं सलामुद्दीन मणियार ने अपनी धर्मपत्नी रहीसा के साथ रक्तदान किया तथा राम काबरा ने 44वीं बार रक्तदान किया। बन्दूकसाज कारीगर समाज कमेटी के सदर मुबारिक कारीगर, खजांची मलकुद्दीन कारीगर, लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट के अध्यक्ष वेनिगोपाल मालपानी, सचिव द्वारकाप्रसाद कुमावत, पार्षद अय्यूब शेख, पूर्व पार्षद अहमद अली खान, पारस जैन, राजकुमार फौजी, मनीष व्यास नावा, हबीब सोलंकी, याकूब कुरैशी, कॉमरेड अब्बास खान ने शिविर का अवलोकन किया। अख्तर कारीगर, इमरान कारीगर, साहबूदीन मुगल, अकीक अहमद उस्मानी, नवाब शेख, सराजुदिन मणियार, हबीब मौलानी, अब्दुल वहीद बड़गुर्जर, रचित नंदवाना, मुन्नालाल काछवाल, शबीक उस्मानी, सद्दाम रंगरेज, इमरान देवड़ा, यूनुस कारीगर, शकील कारीगर, सिकंदर गौरी ने व्यवस्था में सहयोग किया।

# बजरी से भरे दो डम्परो से 4 लाख 36 हजार रुपए जुर्माना वसूल किया

## पुलिस व खनिज विभाग की सयुक्त कार्रवाई



पुखराज तानाण

**बड़ी खाटू( नागौर डेली न्यूज ) :** जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार पुलिस व खनिज विभाग की सयुक्त कार्रवाई की गई। पुलिस ने शनिवार देर रात्रि के समय को दो बजरी से भरे डंपरो को जब्त किया । थानाधिकारी रामेश्वरलाल मेघवाल ने हाईवे पर गश्त के दौरान बजरी से भरे डंपर मिले। थानाधिकारी ने बताया कि एक बजरी से भरा हुआ बिना नम्बर इंजन चालक प्रमोद पुत्र भागीरथ राम ढाका (29) निवासी बठोट सीकर व दूसरे डंपर चालक सुरेश कुमार पुत्र मूलाराम माली उम्र ( 37 ) निवासी धोराना सीकर को डम्पर सहित पुलिस थाना लेकर पहुंचे। खनिज विभाग के फोरमैन अजीत सिंह ने बताया कि दोनों डम्परो से 4 लाख 36 हजार रूपए जुर्माना वसूल करके खनिज विभाग की रसीद प्रदान की गई।

# मुख्यमंत्री के ओएसडी लोकेश शर्मा पहुंचे बिदियाद

## सद्भावना जनजागृति सदस्यों ने बोरावड़ विकास कार्यों से कराया अवगत

मोहम्मद शहजाद



**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ओएसडी लोकेश शर्मा के नागौर जिले के बिदीयाद आगमन पर मकराना के निकटवर्ती कस्बा बोरावड़ के सद्भावना जनजागृति संस्था सदस्यों व जागरूक नागरिकों के प्रतिनिधिमंडल ने लोकेश शर्मा से मुलाकात कर बोरावड़ को नगर पालिका गठित करने पर आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल ने लोकेश शर्मा से मांग रखते हुए कहा कि बोरावड़ नगर पालिका तो बन चुका है लेकिन संसाधनों के अभाव में नगर पालिका कार्य सुचारू नहीं होने की वजह से पिछले 6 माह से बोरावड़ का विकास कार्य ठप है तथा आमजन को छोटे-छोटे कार्यो के लिए भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमन्त्री के ओएसडी को बताया कि बोरावड़ नगर पालिका की ऑनलाइन आईडी भी अभी तक सृजित नहीं हुई है, नगर पालिका में एलडीसी, यूडीसी, अकाउंटेंट आदि स्टाफ /कार्मिक नियुक्त नहीं हुए हैं, वर्तमान में बोरावङ में जो अतिरिक्त चार्ज वाले अधिशाषी अधिकारी नियुक्त है उनके पास बोरावड़ का सप्ताह में दो ही दिन का चार्ज है, बोरावड एक बहुत बड़ा कस्बा है अतः इसमें एक स्थाई अधिशाषी अधिकारी की नियुक्ति करवाई जाए। बोरावड़ नगर पालिका में अभी तक सरकार द्वारा बजट आवंटन नहीं किया गया है जिससे विकास कार्य अवरुद्ध है अतः जल्द से जल्द बोरावड को बजट आवंटित करवाया जाए।

प्रतिनिधिमंडल ने लोकेश शर्मा से कहा कि बोरावड़ में जलदाय विभाग व एलएंडटी कम्पनी के माध्यम से जो नई पाइप लाइन डालकर नए कनेक्शन किए गए थे। उस प्रोजेक्ट में सड़क का पेचवर्क कार्य बाकी रहने व पानी का प्रेशर सही नहीं होने जैसी कई अनियमितताएं हैं अतः बारिश के मौसम को देखते हुए जल्द से जल्द सड़क पेचवर्क करवाने व अनियमितताओं को दूर करवाने का निर्देश जारी करवाएं। इस दौरान दौरान हरिशंकर व्यास, वीरू सोरगर, लोकेश मालाकार, दीनदयाल भाटी, हरीश दिवाकर, दीपक व्यास, रामस्वरूप गोरा, रामनारायण सैनी, रोहित भार्गव, संजय जांगिड़, राजीव सोलंकी, राजू भाटी, धीरज सैनी आदि उपस्थित रहे।

# लक्ष्य पाने के लिए जुनून जरूरी: आईएएस जोधावत

## आईएएस जोधावत ने मोटिवेशनल कार्यक्रम में दिए छात्र-छात्राओं को टिप्स

हरसौर( नागौर डेली न्यूज ):



रविवार को कलाम पुस्तकालय में एकदिवसीय कैरियर गाइडेंस सेमिनार प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व वरिष्ठ आईएएस डीआर जोधावत ने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं से रूबरू होकर अनुभव शेयर कर सफलता के मूलमंत्र भी दिए। संस्था के निदेशक फिरोज खान एवं भ्रष्टाचार निरोधक सिंहवाहिनी के संभाग प्रभारी डॉ सोहननाथ गर्वा ने उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य को पाने के लिए जुनून जरूरी है। यहां के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कमी नहीं है। युवा अपने जीवन का लक्ष्य तय करें। सपनों को साकार करने के लिए ईमानदारी से पढ़ें। जरूरी नहीं है कि डेढ़ लाख की फीस वाले कोचिंग सेंटर में पढ़कर सफलता मिल जाए। सफलता के लिए सेल्फ स्टडी अधिक करें। आज घर बैठे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आसानी से ऑनलाइन, यू-ट्यूब पर शिक्षण सामग्री मिल जाती है। आईएएस बनने का सपना सभी देखते हैं, लेकिन आईएएस बनने के लिए कठिन मेहनत और लगन की आवश्यकता पड़ती है। लक्ष्य के लिए जीना ही जीवन की सफलता है। हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है, जरूरत है प्रयास करने की। समस्याओं से घिरे होने के बाद भी कर्तव्य का निर्वाह करना व्यक्ति को महान बनाता है। किसी भी उपलब्धि को हासिल करने के लिए मेहनत करना आवश्यक है। अगर किसी भी चीज को पाने के लिए लगन और इच्छा शक्ति हो तो उसे जरूर पूरा किया जा सकता है। अपने जीवन से जुड़े हुए कई सारी जानकारियां उपस्थित छात्र छात्राओं को बताई।परीक्षा की तैयारियों के दौरान उम्मीदवारों को अपनी ताकत और कमजोरियों का विश्लेषण करना चाहिए और पूरे मन से परीक्षा की तैयारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा अगर आप परीक्षा की बारीक चीजों को समझ लेते हैं तो परीक्षा पास करना आपके लिए आसान हो जाएगा। असफलता से कभी निराश नही होना चाहिए। असफलता व्यक्ति को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने सिविल सेवा से संबंधित छात्र-छात्राओं के सवालों के जवाब भी दिए।

### ये रहे मौजूद-

फिरोज खान, संजय सेन, आर्यन वैष्णव, धनराज सैनी, मनीष पेड़ीवाल,प्रकाश ढाका, रामनिवास माली, सुनील मायच, कानाराम ग्वाला, महेंद्र पेड़ीवाल, शौकत अली, अनुष्का सैनी, सरिता सैनी, पूजा पेड़ीवाल, प्रिया राठौड़, ज्योति गहलोत,गुलशन बानो, आशा, राजाराम पेड़ीवाल, लीलू ग्वाला, इकबाल खान, गुलजार खान, मदनलाल ग्वाला, सुरेंद्र तेतरवाल,रामकुंवार कस्वां सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने सवाल भी पूछे।

# हारकर जीतना ही जीवन है : समताराम महाराज

## 600 से अधिक छात्र/छात्राओं को लेपटॉप, टेबलेट, घड़ी सहित मिले सांत्वना पुरस्कार



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना के उम्मेद कालेज भवन परिसर मे रविवार को संतों के सानिध्य मे प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे प्रतिभा खोज परीक्षा मे अव्वल आने वाले लगभग 600 से भी अधिक छात्र/छात्राओं को पुरस्कार देकर उनका होंसला बढ़ाया। इस अवसर पर राजऋषि संत समताराम जी महाराज ने कहा की हारकर जीतना ही जीवन है बिना संघर्ष के लक्ष्य पाना नामुमकिन है। छात्रों को अपने संबोधन मे कहा की सपनों को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत के साथ तेजस्वी, औजस्वी ओर संस्कारित होना जरूरी है। इसी प्रकार से भादवासी के संत हेतमराम महाराज ने कहा की सफलता पाने के लिए आलस्य ओर निद्रा का त्याग कर अनुशासन के साथ अपने लक्ष्य निर्धारित कर गुरूजनों के मार्गदर्शन प्राप्त करें तथा बालक अपने जीवन मे राम, कृष्ण ओर बालिकाएं माता सीता तथा सती अनुसूईयां के आचरण को उतारें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पुष्कर एसडीएम सुखराम पिण्डेल ने भी छात्रों का मार्गदर्शन किया।







स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com